(छंद-चउबोला) (चाल- छम-छम चाली इन्द्राणी /पारस पदमा और महावीर.....)

मोह कर्म की सात प्रकृतियाँ, नशकर गुण सम्यक्त्व लहा,
क्षायिक भाव के प्रकटिकरण से, पाया आतम सौख्य महा।
नव केवल लब्धि धारी को, नवकोटि से नमन करें,
अभिनंदन के नंदन जग में, रहते नित आनंद भरे॥1॥

ॐ ह्रीं अर्हं क्षायिकसम्यक्त्वलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

हैं इक्कीस प्रकृतियाँ चारित मोहक, चारित की घातक,
करके दलन लहा फिर तुमने, क्षायिक चारित्र सुखदायक।
नव केवल लब्धि.....॥2॥

ॐ ह्रीं अर्हं क्षायिकचारित्रलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

पन विध ज्ञानावरण हनन कर, ज्ञान अनंत हुआ क्षायिक,
सर्व तत्त्व ज्ञायक हो जिनवर, भवदधि तारक शुभ नाविक।
नव केवल लब्धि.....॥3॥

ॐ ह्रीं अर्हं केवलज्ञानलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

नवविध दर्शन आवरणी नश, क्षायिक दर्शन प्रकटाया,
सर्वलोकदर्शी का दर्शन, देता शाश्वत सुख छाया॥
नव केवल लब्धि.....॥4॥

ॐ ह्रीं अर्हं केवलदर्शनलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

दानान्तराय विधि के कारण, प्राणी हो जाता नादान,
हे महादानी आप सरीखा, दे सकता ना कोई दान।
नव केवल लब्धि.....।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्षायिकदानलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

लाभान्तराय विधि प्राणी के, भव-शिव सुख सब लाभ हरे,
क्षायिक लाभ लब्धि धारी के, चरणों में सब काज सरे।।
नव केवल लब्धि.....।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्षायिकलाभलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

भोगान्तराय विधि विध्वंसक, आप हुए आतम भोगी,
किस विध विधि विध्वंस करें, बन सकें आप सम हे योगी।
नव केवल लब्धि.....।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्षायिकभोगलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

पुन पुन जिसको भोग सकें हम, वो उपभोग कहाता है,
आतम गुण उपभोगी जिन का, पूजन ही भव त्राता है।
नव केवल लब्धि.....।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्षायिकोपभोगलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

वीर्यान्तराय विधि अन्तक तुम, अनंत बलशाली स्वामी,
वह बल मुझको प्राप्त करा दो, बनूँ आप सम शिवगामी।।
नव केवल लब्धि.....।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्षायिकवीर्यलब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

महार्घ्य

(चाल- श्रीमत वीर हरे भव पीर.....)

घाति चतुष्टय नष्ट किया, फिर आतम वैभव को है निखारा
क्षायिक नवलब्धि के स्वामी, भव जल में बस तू ही सहारा।
वीतराग छवि अनुपम लखकर, नशता जन्मों का अघ सारा,
ऐसे अभिनंदन को वंदन, श्रद्धा से वसुयाम हमारा।।

ॐ ह्रीं अर्हं नवकेवललब्धिसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सोरठा

करूँ जिन गुणगान, अभिनंदन जिन चंद का।
लहूँ शीघ्र निर्वाण, अष्ट कर्म को नष्ट कर।।

।।पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

।।अथ द्वितीयवलयोऽपरि पुष्पांजलि क्षिपामि।।

द्वितीय वलय

(18 दोष रहित जिनदेव)

(छंद–अडिल्ल)

(चाल-सोलहकारण भाय...../नेमि का सेहरा सुहाना....)

क्षुधा रहित जिनदेव, आत्म संतृप्त हुए,
शाश्वत आत्म गुणामृत में संलिप्त हुए।
दोष विवर्जित देव श्री अरिहंत हैं,
अभिनंदन को वंदन नित्य अनंत हैं॥1॥

ॐ ह्रीं अर्हं क्षुधादोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जनम-जनम की तृषा, आपने विनशाई,
आतम रस अमृत पीते तुम जिनराई।
तव दर्शन की प्यास लिए मैं आया हूँ,
तुम मेरे विश्वास यही मन लाया हूँ॥2॥

ॐ ह्रीं अर्हं तृषादोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जरा रोग से प्राणी जब घिर जाता है,
अर्द्धमृतक सम जर्जर हो दुःख पाता है।
तव तन में यह जरा कभी ना आती है,
परमौदारिक देह भविक मन भाती है॥3॥

ॐ ह्रीं अर्हं जरादोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

रोगों का आतंक मनुज पर छाता है,
औषधि सेवन करके भी अकुलाता है।

रोगों का आतंक तुम्हें ना तंग करे,
रोग मुक्त हों वो जो जिनपद हृदय धरे।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं रोगदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जिन भक्ति बिन लाखों जनम गवाये हैं,
पर जन्मों का अन्त नहीं कर पाए हैं।
जन्म विनाशक के पद में मम माथ हो,
अन्त जनम तक अभिनंदन का साथ हो।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं जन्मदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

बार-बार मृत्यु ने हमको मारा है,
मरण समाधी का ना लिया सहारा है।
मृत्यु की मृत्यु कर के तुम हुए अमर,
मृत्यु विनाशक अभिनंदन का सच्चा दर।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं मरणदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

अस्त्र शस्त्र वो धारे जो भयभीत हों,
कर्म जयी जिनदेव आप निर्भीक हो,
निर्भय हों जिनको प्रभु तुमसे प्रीत हो।
भय भी हो भयभीत जिनेश पुनीत हो।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं भयदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

समवशरण में अद्भुत वैभव था छाया,
पर अचरज का भाव ना तुमको छू पाया।

विस्मय दोष विहीन श्री जिन अभिनंदन,
भक्तिभाव वश करूँ नमन मेटो क्रंदन।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं विस्मयदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

राग भाव निर्लिप्त वीतरागी स्वामी,
निज आतम में लीन आप अन्तर्यामी।
राग आग आतम को पल-पल दहकाती,
तव गुण अनुरागी हम ज्यों दीपक बाती।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं रागदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

द्वेष भाव न किंचित् तव सम्मुख आया,
निंदक को भी मुक्ति पंथ है दर्शाया।
भाव यही कि बैर भाव ना मन लाऊँ,
धर उर समता वीतद्वेष जिन गुण गाऊँ।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं द्वेषदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

मोहमहामद पीकर निज को भूला हूँ,
चतुर्गति के झूले में मैं झूला हूँ।
हे निर्मोही! किया मोह का अंत है,
मोह विनाशक को मम नमन अनंत है।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं मोहदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

चिंता चिता समान स्वयं से दूर करे,
पर, चिंतन से चेतन सुख भरपूर भरे।

चिंता-मुक्त जिनेश सभी चिंता हरते,
तव गुण के चिंतक भवि भव सागर तरते॥12॥

ॐ ह्रीं अर्हं चिंतादोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

क्षणभंगुर उपलब्धि पर मैं मद करता,
हे मदहारी! इसीलिए भव भव फिरता।
मद को तज तुमने पाई निज की मस्ती,
मद का दमन करूँ आकर तेरी बस्ती॥13॥

ॐ ह्रीं अर्हं मददोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सर्वदर्शि बन निद्रा पर जय पाई है,
अनिमिष नाशा दृष्टि मम मन भाई है।
श्री अभिनंदन नाथ हमें वरदान दो,
आत्म जागृति हो हमको वो ज्ञान दो॥14॥

ॐ ह्रीं अर्हं निद्रादोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

मोही करता दुख आने पर खेद है,
क्योंकि करता ना निज पर का भेद है।
हे विज्ञानी! खेद ना तुमको किंचित हो,
तव भक्ति से मम आतम अभिसिंचित हो॥15॥

ॐ ह्रीं अर्हं खेददोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

स्वेद रहित जिनदेव आप जग हितकारी,
हे अरिहंत पवित्र सुनिर्मल तन धारी।

तव गुण गा हम सर्व मलों से वर्जित हों,
जिन चरणों में पुण्य कोष सब अर्जित हो॥16॥

ॐ ह्रीं अर्हं स्वेददोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

रति भाव निर्मुक्त मेरु सम अविकारी,
परम दिगम्बर रूप आप्त भवि हितकारी।
मम मन भी रति भावों से निर्लिप्त हो,
तव भक्ति से मम आतम अभिषिक्त हो॥17॥

ॐ ह्रीं अर्हं अरतिदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

मोहनीय के तीव्र उदय से हो उद्वेग,
तीर्थंकर बन नाशा तुमने हे जिनदेव।
सौम्य भाव तव मुख मण्डल पर छाये हैं,
सुराधीश ने इसीलिए गुण गाए हैं॥18॥

ॐ ह्रीं अर्हं शोकदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

(त्रिभंगी छंद)

सुर नर मुनि वृंदा, जिनवृष चंदा, जय अभिनंदा, सुखकारी,
काटे भव फंदा, कर अघ मंदा, भवि आनंदा, हितकारी।
हे गुणरत्नाकर, दिव्य दिवाकर, श्रेष्ठ सुधाकर, नमन करूँ,
तव पद को ध्याकर, शीश झुकाकर, हृदय वसाकर, मोक्ष वरूँ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टादशदोषरहिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

दोहा

मन-वचन-तन अरुचेतना, करूँ समर्पण आज।
अभिनंदन पद पूजकर, बनूँ लोक सरताज॥

पुष्पांजलिं क्षिपेत्

॥अथ तृतीय वलयोऽपरि पुष्पांजलि क्षिपेत्॥

तृतीय वलय

(34 अतिशय + अष्टप्रातिहार्य + सिद्धों के आठ गुण)

(जन्म के 10 अतिशय)

तर्ज- उमरिया रह गई थोड़ी....

अतिशयकारी सुन्दर तन, अघहारी मोहक अनुपम।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं अतिशयरूपवान्-जन्मातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

आती सुगन्ध सुखकारी, तव तन निर्मल अविकारी।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं सुगन्धित तन जन्मातिशय गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

है स्वेद रहित तन पावन, जिसकी महिमा मन भावन।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वेदाभाव-जन्मातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

है निर्विकार तव काया, ना हो निहार ये माया।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं निहाराभाव-जन्मातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

हित मित प्रिय जिनवर वाणी, भवि जीवन को कल्याणी।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं हितमितप्रियवचन-जन्मातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

तुम महाबली अलबेले, तिहुँ जग में आप अकेले।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं अतुल्यबलजन्मातिशयगुणमंडिताय श्रीअभिनंदननाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

बहे रुधिर क्षीरवत् तन में, वात्सल्य भाव चेतन में।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्वेतरुधिर जन्मातिशयगुणमंडिताय श्रीअभिनंदननाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

शुभ लक्षण तन में छाये, अष्टोत्तर सहस बताये।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं शुभलक्षणतन जन्मातिशयगुणमंडिताय श्रीअभिनंदननाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

है समचतुस्र संठाना, अतिशयकारी भगवाना।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं समचतुरस्र संस्थान जन्मातिशयगुणमंडिताय श्रीअभिनंदननाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सर्वोत्तम संहनन धारी, वज्रंगबली उपकारी।
दस अतिशय जनम के नामी, पूजूँ अभिनंदन स्वामी।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं वज्रवृषभनाराचसंहनन जन्मातिशयगुणमंडिताय श्रीअभिनंदननाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

केवलज्ञान के 10 अतिशय

(चाल- आदिनाथ भक्तामर मंगलगीता)

अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।टेक।।
हो सुभिक्ष शत योजन में, वरषे अमृत कण कण में।
जिनवर जहाँ विराज रहे, समृद्धि का ताज रहे।।
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं एकयोजन-सुभिक्षता केवलज्ञानातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

पंच सहस धनु भू ऊपर, गमन करें नभ में प्रभुवर।
भव्य पुण्य की बलिहारी, जिसने खींचे त्रिपुरारी।।
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं गगनगमन-केवलज्ञानातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

परमौदारिक है तव तन, जिससे दिखते चतुरानन।
मुख मुद्रा में आकर्षण, शुभकारी हैं जिनदर्शन।।
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्दिशमुखमण्डल-केवलज्ञानातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

बैरी क्रूर व हिसंक हों, या कोई नर वंचक हों।
जो तव शरणा आते हैं, दया युक्त हो जाते हैं।।

अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं अदयाभावाभाव-केवलज्ञानातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

होता ना उपसर्ग कभी, तव अभिनंदन करें सभी।
जो तुमरा सत्संग करे, उसे ना कोई तंग करे।।
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं निरुपसर्ग-केवलज्ञानातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

करते ना आहार कवल, फिर भी सब में तुम्हीं सबल।
केवलज्ञानी की महिमा, सच्चे देव की ये गरिमा।।
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं कवलाहाराभाव-केवलज्ञानातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

जग की सारी विद्यायें, तव पद में आश्रय पायें।
हे सब विद्या के स्वामी, नमन तुम्हें अन्तर्यामी।।
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वविद्या-ईश्वरत्व-केवलज्ञानातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

बढ़ते नहीं कभी नख केश, अतिशय ये कैवल्य विशेष।
ज्यों के त्यों रह जाते हैं, जब केवल गुण पाते हैं।।

अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं नखकेशवृद्धिविहीन-केवलज्ञानातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

नाशा पर ठहरी दृष्टि, अनिमिष हो देखें सृष्टि।
ऐसे जिन को नमन करूँ, अनिमिष लख नित दर्श करूँ
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनिमिषदृष्टिपट-केवलज्ञानातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

मणियों सी सुंदर काया, जिसकी ना पड़ती छाया।
कोटि सूर्य सम चमक रहा, चेतन जिसमें दमक रहा।।
अभिनंदन जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाता हूँ।
उनके केवल के अतिशय की, मंगल पूज रचाता हूँ।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं तनछायारहित-केवलज्ञानातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

सुरकृत 14 अतिशय

(चाल-नरेन्द्रं फणिन्द्रं....)

अरध मागधी मेरे जिनवर की वाणी,
श्रवण से तरे शीघ्र संसार प्राणी।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं अर्धमागधीभाषा-सुरकृतातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

जन्मों के बैरी तजें बैर क्षण में,
बने मित्र आपस में तेरी शरण में।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं परस्परमैत्रीभाव सुरकृतातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

ना ओले ना सोले ना तूफां सताये,
जहाँ आप राजे हों निर्मल दिशायें।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं दशदिशानिर्मल-सुरकृतातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

षट् ऋतु के फल फूल संग संग खिले हैं।
जहाँ नाथ तुमरे दरश शुभ मिले हैं।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं षट्ऋतुफलितपुष्पफल-सुरकृतातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

नहीं मेघ गर्जन ना बिजली कड़कती,
सुनिर्मल गगन में करें देव भक्ती।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं निर्मलाकाश-सुरकृतातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

आदर्शवत् पृथ्वी हो स्वच्छ निर्मल,
आ दर्श पाओ कटें सारे अघमल।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं दर्पणवत्-पृथ्वीतल-सुरकृतातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

भवि पुण्य से आप चलते गगन में,
रचे देव स्वर्णिम कमल पद-कमल में।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं चरणकमलतलस्वर्णकमल-सुरकृतातिशय गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

जयघोष नभ से करें देव सारे,
जयवंत हों नाथ विधि बंध टारे।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं नभसिजयघोषसुरकृतातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

बहे शुभ सुगंधित सुशीतल समीरा,
लुभाये जो मन को हरे तन की पीरा।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं मंदसुगंधपवन-सुरकृतातिशयगुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।29।।

करें देव वर्षा सुवारि सुगंधित।
सुखद-शांतिदायक, करे चित्त नंदित।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं गन्धोदकवृष्टिसुरकृतातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

पवन देव भूमि की करते बुहारी,
तृणादिक सभी दूर करते दुखारी।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं निष्कंटकभूमि-सुरकृतातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

तव भक्ति में झूमती सारी सृष्टि,
जिसे देख सम्यक् हुई भव्य दृष्टि।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं हर्षितसृष्टि-सुरकृतातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

वृषचक्र गतिमान त्रय तम विनाशक,
तभी आपको कहते वृष चक्र शासक।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं अग्रगामिधर्मचक्र-सुरकृतातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

मंगल मयी द्रव्य वसुविध हैं साजे,
जहाँ धर्मनायक चलें या विराजे।।
अतिशय ये चौदह नित देव करते।
भक्ति के फल से मुक्ति को वरते।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टमंगलद्रव्य-सुरकृतातिशय-गुणमण्डिताय श्रीअभिनंदननाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

(अष्ट प्रातिहार्य)

शेर चाल

(चाल– जय-जय श्री अरिहंत....)

राजे अशोक तरु समीप स्वर्ण सिंहासन,
त्रय छत्र युक्त करें तिहुँ लोक का शासन।
आभा महान दुंदुभि के नाद सुहाने,
चौंसठ चंवर ढुरायें देव भक्ति बहाने॥
नभ से करैं सुरेश सतत् पुष्प की वृष्टि,
तव दिव्य ध्वनि खोलती सम्यक्त्वमय दृष्टि।
वसु प्रातिहार्य से सजे जिनदेव हमारे,
वसु अंग युत नमूँ तुम्हें वसुयाम निहारें॥35॥

ॐ ह्रीं अर्हं अशोकतरुआदि-सत्प्रातिहार्यसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।35।।

(सिद्धों के अष्ट गुण)

हे नंत दर्श ज्ञान कुंज अरु महाबली,
सम्यक्त्व सुख अनंत युक्त घातिया दली।
सूक्ष्मत्व व अवगाहनत्व गुण संयुक्त हो,
अगुरुलघु व अव्याबाध युक्त मुक्त हो॥
नश अष्ट कर्म अष्ट गुणों युक्त हो साजे,
देहाभरण उतार लोक शीश पे राजे।
हे सिद्ध रूप ईश प्रभु शुद्ध दिवाकर,
मैं पूजता हूँ भक्ति से निज शीश झुकाकर॥36॥

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टगुणसंयुक्ताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।36।।

महार्घ्य

(चाल–श्रीमत वीर हरे भवपीर.....)

चौंतिस अतिशय धारि जिनेश्वर सुरगण भी जिनके गुण गायें,
नंत चतुष्टय गुण के नायक को मुनिनायक भी शीश नवायें।
प्रातिहार्य वसु संयुत स्वामी कर्म रहित शिव सुख दरशायें,
ऐसे अभिनंदन जिन का वंदन, कर हम भी मुक्ति पद पायें।।

ॐ ह्रीं अर्हं अहत्सिद्धपरमेष्ठिने सर्वमूलगुणप्राप्तये श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जाप–ॐ ह्रीं अर्हं सकलात्मप्रदेश-नंदाय श्रीअभिनंदननाथ जिनेन्द्राय नमः।

जयमाला

(दोहा)

वीतराग सर्वज्ञ हित, भविजन के सरताज।
अभिनंदन वंदन करूँ, जय-जय श्री जिनराज॥

(छंद-ज्ञानोदय) (चाल-हे चन्द्रप्रभु)

श्रीमज्जिनेन्द्र तिहुँ जग नायक, हे परमातम मंगलकारी,
आनंदरूप सब दुखहर्ता, बंदू अभिनंदन हितकारी।
तुमने स्वरूप अपना जाना, फिर लीन हुए निज आतम में,
हे महिमाशाली तीर्थंकर आ बसो हमारे चेतन में॥1॥
सोलहकारण भाकर तुमने तीर्थंकर का पद पाया है,
चौथे जिनवृष नायक बनकर शिवसुख का पथ दर्शाया है।
सोलह संकेत दिए माँ को, साकेत नगर में आने को,
तव मात-पिता के पद पूजें, सुर अतिशय पुण्य कमाने को॥2॥
तुमको जनकर सिद्धारथ माँ, जग जननी माता कहलायीं,
स्वयंवर श्री पितु के महलों में, शुभ रत्नराशियाँ वरषाईं।
मेरू पर सुरपति द्वारा तुम, क्षीरोदधि से अभिषिक्त हुए,
सौधर्म करे ताण्डव अचरज, तिहुँ लोक शोक से रिक्त हुए॥3॥
शुभ सहस्र अष्ट लक्षणधारी, वानर लक्षण तव पद चमके,
काया साढे त्रय शत उतुंग, कंचन सुरूप अद्भुत दमके।
स्वर्गों के देव सभी आकर, किंकरवत् शीश झुकाते हैं,
अभिनंदन जिन को वंदन कर, सारे विकल्प छट जाते हैं॥4॥
दस अतिशय जन्म समय के शुभ, तव पुण्य की महिमा हैं गायें,
उपमायें छोटी पड़ जातीं, अनुपम गुण हम कैसे गायें।
भौतिक जग वैभव को भोगा, फिर तृणवत् छोड़ा आडम्बर,
अंतर में आतम ज्योति जली, पहने तुमने दस दिग् अम्बर॥5॥

सब सिद्धों का सुमरन करके, कीना निज भावों को निर्मल,
निज भाव विशुद्धी के बल से, प्रकटा मनपर्ययज्ञान विमल।
संयम तप चारित है दुर्लभ, जिसको प्रभो तुमने धार लिया,
निज आतम में फिर लीन हुए, चउ घाति रिपु संहार किया॥6॥
दृग ज्ञान सौख्य अरु बल अनंत, पाकर केवलि भगवंत हुए,
परमौदारिक अति पावन तन, संयुक्त आप अरिहंत हुए।
धनपती रचित तव धर्म सभा, शुभ समवशरण कहलाती है,
सबको समान शरणा मिलती, जिसकी शोभा मन भाती है॥7॥
रागादि विवर्जित सौम्य रूप, तव छवि लख चित निर्मल होता,
दर्शन से सब संकट टलते, अघ रिपु आकर तव पग धोता।
दस अतिशय केवल के पाकर, तुम जगती का सब दुःख खोते,
जिनवर का अभिनंदन करने, सुरकृत चौदह अतिशय होते॥8॥
खुद से अनुबंध कराती है, हे वीतराग तेरी वाणी,
कर्मों के बंधन खुल जाते, भव सागर तरते भवि प्राणी।
नव लब्धि रमा के कंत हुए, वसु प्रातिहार्य संयुक्त प्रभो,
मुक्ति पथ पर बढ़ चलें कदम, हमको दो ऐसी शक्ति विभो॥9॥
अनिमिष नाशा दृष्टि रखकर, सम्पूर्ण विश्व अवलोक रहे,
कर आत्म प्रदेशों में विहार, युगपत अनेक सब लेख कहे।
तुम योग रहित योगीश हुए, हो वसुगुण निधियों से मण्डित,
सम्मेदशिखर की पुण्य धरा, कीने विधि शैल सभी खण्डित॥10॥
आयु पचास लख-पूरव की, पूरण कर शाश्वत सिद्ध हुए,
तज अखिल विभावों का बंधन, तुम अविनाशी अविरुद्ध हुए।
हे आतम गुण वसुनंदी युत, मम भक्ति को स्वीकार करो,
तुम सम मम रूप स्वरूप बने, मेरे सब संकट क्लेश हरो॥11॥

तुम वसुनंदी गुण भण्डारी, हे दया रूप महिमा मण्डित,
हे मेरू सम निश्चल अकंप, तव पाद पद्म सुर नर वंदित।
बस यही भावना है मेरी, हो गुरु आशीष सदा मुझ पर,
जब तक शाश्वत घर ना पाऊँ, तेरा दर ही हो मेरा घर।।12।।

(दोहा)

जिन गुण राशि अनंत है, कौन करे विस्तार।
अभिनंदन सुमरन करूँ, निशदिन श्रद्धा धार।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय नमः जयमाला संपूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(दोहा)

शांत शुद्ध चिद्रूप है, सकल सौख्य आधार।
पुष्पांजलि से पूजहूँ, अभिनंदन सुख सार।।

।।शांतये...शांतिधारा पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

।।इति।।

समुच्चय महार्घ

मैं देव श्री अरहंत पूजूँ, सिद्ध पूजूँ चाव सों।
आचार्य श्री उवज्झाय पूजूँ, साधू पूजूँ भाव सों॥
अरहन्त भाषित बैन पूजूँ, द्वादशांग रचे गनी।
पूजूँ दिगम्बर गुरुचरण, शिवहेत सब आशा हनी॥

सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि, दयामय पूजूँ सदा।
जजि भावनाषोडश रत्नत्रय, जा बिना शिव नहिं कदा॥
त्रैलोक्य के कृत्रिम-अकृत्रिम, चैत्य-चैत्यालय जजूँ।
पंचमेरु-नन्दीश्वर जिनालय, खचर सुर पूजित भजूँ॥

कैलाश श्री सम्मेदगिरि, गिरनार मैं पूजूँ सदा।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि और तीरथ सर्वदा॥
चौबीस श्री जिनराज पूजूँ, बीस क्षेत्र विदेह के।
नामावली इक सहस वसु जप, होय पति शिव गेह के॥

दोहा

जल गंधाक्षत पुष्प चरु, दीप धूप फल लाय।
सर्व पूज्य पद पूजहूँ, बहु विधि भक्ति बढ़ाय॥

ॐ ह्रीं भावपूजा-भाववन्दना-त्रिकालपूजा-त्रिकालवन्दना-कृत-कारितानुमोदनैः सहितं श्री अरिहन्त-सिद्ध-आचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु-पञ्च परमेष्ठिभ्यो नमः। प्रथमानुयोग-करणानुयोग-चरणानुयोग-द्रव्यानुयोगेभ्यो नमः। दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणेभ्यो नमः। उत्तमक्षमादि-दशलक्षण-धर्मेभ्यो नमः। सम्यग्दर्शनसम्यग्ज्ञानसम्यक्चारित्रेभ्यो नमः। जल-थल-आकाश-गुहा-पर्वत-नगरवर्ति-ऊर्ध्व-मध्य-अधोलोकेषु विराजमान- कृत्रिम-अकृत्रिम-जिन-चैत्यालय-जिनबिम्बेभ्यो नमः। विदेहक्षेत्रे विद्यमान-विंशतितीर्थङ्करेभ्यो नमः। पञ्च-भरत-पञ्च-ऐरावत-

दशक्षेत्र-सम्बन्धि-त्रिंशत्-चतुर्विंशतिगत-विंशत-उत्तर-सप्तशत-जिनबिम्बेभ्यो नमः। नन्दीश्वरद्वीप-सम्बन्धि-द्वीपञ्चाशत् जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। पञ्चमेरुसम्बन्धि-अशीति-जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। सम्मेदशिखर-कैलाश-चम्पापुर-पावापुर-गिरनार-सोनागिरि-राजगृही-मथुरा-शत्रुञ्जय-तारङ्गा-कुण्डलपुर आदि-सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः। जैनबद्री-मूढ़बद्री-हस्तिनापुर-चन्देरी-पपौरा-अयोध्या-चमत्कारजी-महावीरजी-पद्मपुरी-तिजारा-आदि-अतिशयक्षेत्रेभ्यो नमः श्रीचारणऋद्धिधारी सप्तपरमर्षिभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमन्तं भगवन्तं कृपावतं श्रीवृषभादि-महावीरपर्यन्त-चतुर्विंशतितीर्थङ्करपरमदेवं आद्यानां जम्बूद्वीपे मेरु दक्षिण भागे भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे....नाम्नि नगरे....मासानामुत्तमे...मासे....पक्षे....तिथौ.....वासरे.... मुन्यार्यिका-श्रावक- श्राविकाणां सकलकर्मक्षयार्थं अनर्घ्यपदप्राप्तये सम्पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांति-पाठ (भाषा)

चौपाई

शांतिनाथ मुख शशि-उनहारी, शील-गुण-व्रत-संयमधारी।
लखन एक सौ आठ विराजैं, निरखत नयन कमलदल लाजैं॥
पंचम चक्रवर्ति पद धारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी।
इन्द्र-नरेन्द्र पूज्य जिन-नायक, नमो शांति-हित शांति विधायक॥

दिव्य विटप बहुपन की वरषा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा।
छत्र चमर भामंडल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी॥
शांति-जिनेश शांति सुखदाई, जगत पूज्य पूजौं शिर नाई।
परम शांति दीजे हम सबको, पढ़ैं तिन्हें पुनि चार संघ को॥

(वसन्ततिलका)

पूजै जिन्हें मुकुट-हार-किरीट लाके।
इन्द्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके॥
सो शांतिनाथ वर-वंश जगत प्रदीप।
मेरे लिए करहुँ शान्ति सदा अनूप॥

(इन्द्रवज्रा)

संपूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनकों यतिनायकों को।
राजा-प्रजा-राष्ट्र-सुदेश को ले, कीजे सुखी हे जिन! शांति को दे॥

(स्रग्धारा)

होवै सारी प्रजा को सुख बलयुत हो, धर्मधारी नरेशा।
होवे वर्षा समय पै, तिल भर न रहें, व्याधियों का अंदेशा॥
होवे चोरी न जारी, सुसमय वरते, हो न दुष्काल मारी।
सारे ही देश धारैं जिनवर-वृष को, जो सदा सौख्यकारी॥

(दोहा)

घातिकर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज।
शांति करो सब जगत में, वृषभादिक जिनराज॥

(मन्दाक्रान्ता)

शास्त्रों का हो पठन सुखदा, लाभ सत्संगति का।
सद्वृत्तों का सुजस कहके, दोष ढाकूँ सभी का॥
बोलूँ प्यारे वचन हित के आपका रूप ध्याऊँ।
तौ लौं सेऊँ चरण जिनके, मोक्ष जौ लौं न पाऊँ॥
तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तब लौं लीन रहौं प्रभु, जब लौं पाया न मुक्ति-पद मैंने॥

अक्षर पद मात्रा से दूषित, जो कछु कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणाकरि पुनि छुड़ाहु भव दुख से।
हे जगबन्धु जिनेश्वर! पाऊँ तव चरण-शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी॥

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप करें)

विसर्जन पाठ

क्षमापना

(दोहा)

बिन जाने वा जान के, रही टूट जो कोय।
तुम प्रसाद तैं परम गुरु, सो सब पूरन होय॥१॥
पूजन-विधि जानूँ नहीं, नहिं जानूँ आह्वान्।
और विसर्जन हू नहीं, क्षमा करहु भगवान॥२॥
मन्त्रहीन धनहीन हूँ, क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरण की सेव॥३॥
आये जो जो देवगण, पूजैं भक्ति-प्रमाण।
ते अब जावहुँ कृपा कर, अपने-अपने धाम॥४॥

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप एवं गवासन में बैठकर नमस्कार करें।)

परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी गुरुवर की पूजन

रचयिता–आर्यिका वर्धस्वनंदनी

स्थापना

(तर्ज-श्रीमद् वीर हरें)

सूरिवर श्री शांतिसागर, पाय जयकीर्ति गुणधारी,
श्री देशभूषण भारत गौरव, सूरिवर यश जिनका भारी।
सितपिच्छी धारी श्री विद्यानंद के नंदन जय हो तुम्हारी,
वसुनंदी गुरुदेव पधारो, उर में है ये विनय हमारी॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्र! अत्र अवतर-अवतर सवौषट् आह्वाननं। ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्र! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्र! अत्र मम सन्निहिंतो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

(अष्टक)

(तर्ज- रोम रोम से.....)

निर्मल जल निर्मल चित हेतु, गुरु चरणों में लाए।
वचनामृत तव प्यास बुझाता, अतः शरण में आए॥
पूजन करने आये अलिवत्, तव पद के अनुरागी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय् जलं निर्वपामीति स्वाहा।

शीत ऊष्ण वा क्षुधा तृषादिक, कठिन परीषह सहते।
क्रोध आदि की नहीं ऊष्णता, अनुपम शीतल रहते॥
चंदन से आदि शीतल गुरुवर, निश्छल सरल स्वभावी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः संसार ताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

नश्वर जग में रहकर के भी, क्षरातीत गुण ध्यायें।
पुरुषार्थी निज अक्षय पद के, अक्षत पूज रचायें।।
गुरुदेव तव सम बनने की, मेरी प्रीत भी जागी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी।।

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः कामबाण अक्षय पद प्राप्तये अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म गुणों की अनुपम सुरभि, से आनंद मनायें।
पुष्प से कोमल गुरु चरणों में, पुष्प चढ़ा हर्षायें।
नहीं काम अब रहा काम से, अतः लगन मम लागी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी।।

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः कामबाण विध्वंसनाय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

अतंराय उपवास आदि भी, समता युत हो सहते।
बाधा के तूफानों में भी, नहीं कभी कुछ कहते।।
चरुवर से पूजें समता रस, पाएँ परम प्रभावी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी।।

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म गुणों के अन्वेषक, वैज्ञानिक अनुपम् ज्ञानी।
तव प्रयोगशाला प्रयोग, करते विस्मित हे ध्यानी।।
दीप चढ़ाकर ज्ञान दीप की, आशा मम मन जागी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी।।

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वसुविध कर्मों को दहकाने, वेष दिगम्बर धारा।
वातावरण आपके गुण से, हुआ सुगंधित सारा।।

उसी गंध से हम खिंच आए, तव पूजन को त्यागी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः अष्ट कर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन रत्न बहुमूल्य धार, तुम सर्वश्रेष्ठ कहलायें।
देव इंद्र नर असुर सभी मिल, तव गुण गौरव गायें॥
रत्नत्रय पा तुम सम मुनि बनने की भावना जागी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः महामोक्ष फल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अनुपम ध्यानी तव अंतर में, ज्ञान सिंधु लहराता।
मूलाचार के दो दर्पण, चारित्र यही बतलाता॥
तीर्थंकर सी सूरत जिनकी, गुरु सिद्ध जो भावी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्राय नमः अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा

अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी गुरु, सरल स्वभावी आप।
रत्नत्रय से जड़ित हो, नख से शिख तक आप॥

(तर्ज- हे चन्द्रप्रभु....)

श्री वसुनंदी गुरु के चरणों में, अपना शीश झुकाता हूँ,
भक्ति से प्रेरित होकर के, गुरु गौरव गाथा गाता हूँ।
चारित के हिमगिरि हो अंकप, निश्चल मेरु से खड़े हुये,
बाधाओं के तूफानों में भी संयम हेतु अड़े हुये॥1॥
देख दिगम्बर चर्या को मन श्रद्धा से झुक जाता है,

मूलाचार के दर्पण हो, संयम तेरा बतलाता है।
मिशरी से भी मीठी वाणी, जादू सब पर कर जाती है,
स्याद्वादमयी, निर्दोष, ज्ञान से पूर्ण, सभी को भाती है।।2।।
विद्वत्ता और तपस्या का शुभ संगम दुर्लभ ही जानो,
गुरु श्रेष्ठ तपस्वी ज्ञानवान्, प्रभुवर की मूरत ही मानो।
दर्शन कर मन में भाव उठे, तीर्थंकर जगती पर होते,
वो तुमसे ही दिखते होंगे, जो धर्म बीज जन-जन बोते।।3।।
मुस्कान खिले चेहरे पर जब भक्तों की दृष्टि जाती है,
सब के चित को मोहे तत्क्षण, खुशियाँ सबके मन छाती।
तेरे शुभ चरण जहाँ पड़ते, स्थान तीर्थ वह बन जाता,
हो समवशरण सा लगा हुआ, दर्शन कर मन भी भर जाता।।4।।
सम्यग्दर्शन गुरु की भक्ति, प्रवचन सुज्ञान कहे जग में,
अनुसरण करें तेरे पथ का, संयम के भाव जगे मन में।
तुमसे संयम का परिपालन, तुमसे आनंदमयी दृष्टि,
तुम से ही है सारी विद्या, तुम में ही है मेरी सृष्टि।।5।।
शब्दों की सीमा में गुरु को, बाँधू दुस्साहस है मेरा।
आकाश समा निर्लेप शुभ्र, अनुपम व्यक्तित्व गुरु तेरा।।
है देव! न हो मुक्ति जबलौं तबलौं हमको तव चरण मिले।
भव-भव में तेरे चरणो में, श्रद्धा संयम के पुष्प खिले।।6।।

ॐ ह्रूं आचार्य श्री वसुनंदी मुनिन्द्राय नमः जयमाला पूर्णार्घं निर्वपामिति स्वाहा।।

घत्ता– गुरुवर अभिनंदन, संयम वंदन, है ऐसा मैंने जाना,
हे संयम दाता, मम मन त्राता, तुमसे निज को पहचाना।।

।।पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

शांति शांति धारा.....।।

अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग आचार्य श्री वसुनंदी मुनिराज की

आरती

धरती खड़ी अम्बर खड़ा जिनके सहारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे।
सूरज जिनका जिनके हैं, चांद सितारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥
आश्विन कृष्ण अमावस्या को, धरती पे आये थे,
ऋषभ त्रिवेणी संग, सब हर्षाये थे।
दूर हुए तब ही, धरा से अंधियारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥1॥

तप से तपायी देह, कुंदन बनाई है,
भक्तों में ज्ञान की, ज्योति लाई है।
साध रहे मन बिन, साधन सहारे,
आरती गुरुवर की, उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥2॥

विद्यानंद गुरुवर के शिष्य कहाये हैं,
आचार्य वसुनंदी गुरुवर हमने पाए हैं।
भक्त कहें कि, गुरुवर प्राण हैं हमारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥3॥

गुरुवर सब शिष्यों के, मध्य ऐसे लागे हैं,
तारों बीच जैसे शीतल, चन्द्रमा विराजे हैं।
लेकर रूप वीरा का, धरा पे अवतारे।
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥4॥

श्री अभिनंदननाथ भगवान की आरती

ॐ जय अभिनंदन देवा, स्वामी जय अभिनंदन देवा।
सुर गणेश नागेन्द्र सभी मिल करते तव सेवा॥
ॐ जय.....।टेक॥

सुरगपुरी से चयकर, अवधपुरी आए।
दिव्य रतन वर्षाकर, सुरगण हर्षाएं।
ॐ जय.....।टेक॥

मात सिद्धारथ उर से,जनमे शिवराई।
तात स्वयंवर नृप संघ, तिहुँ जग सुखपाई॥
ॐ जय.....।टेक॥

शंख दुंदुभि भेरी, घण्टा नाद भयो।
ताडंव नृत्य कियो सुर, जिन अभिषेक कियो॥
ॐ जय.....।टेक॥

भौतिक सुख की रीति, तुमको ना भाई।
गही दिगम्बर दीक्षा, वैभव ठुकराई॥
ॐ जय.....।टेक॥

इन्द्रदत्त नृप के घर, प्रथम आहार लियो।
इन्द्रों ने फिर नभ से, पंचाश्चर्य कियो॥
ॐ जय.....।टेक॥

चार घाति विधि नशकर, केवल बोधि लही।
गिरि सम्मेद पे आकर, पाई वसु मही॥
ॐ जय.....।टेक॥

तुम ही चतुर्थ तीर्थंकर, शिव सुख भर्तारी।
विष्णु ब्रह्मा ईश्वर, तुम ही त्रिपुरारी॥
ॐ जय.....।टेक॥

जगमग तव चरणों में, रतनन दीप जले।
आरती करके थारी, कर्म कलंक गले॥
ॐ जय.....।टेक॥

श्री अभिनंदन जिन चालीसा

आनंदकारी पंचगुरु, प्रणमूँ चित्त बसाय।
धर्म जिनागम चैत्य जिन, चैत्यालय सुखदाय॥
शाश्वत नंदन दायका, अभिनंदन जिनराज।
चालीसा लिखकर लहूँ, निजानंद का साज।
अभिनंदन जिन का अभिनंदन, भविजन करते तव पद वंदन।
चौथे तीर्थंकर कहलाये, चतुर्गति से हमें छुड़ाये॥1॥
स्वर्ग से च्युत होने के पहले, बरषे छः माह रतन घनेरे।
पन्द्रह माह तक हुई सुवर्षा, नरनारी सुरगण मन हर्षा॥2॥
पिता स्वयंवर नृप के दुलारे, माँ सिद्धार्थ की आँख के तारे।
शुक्लषष्ठी वैशाख सुनामी, गर्भ विषै आये जग स्वामी॥3॥
शुभ सोलह सपने माँ देखे, पिता स्वयंवर शुभ फल लेखे।
सेवा में तव रही देवियाँ, रात-दिना माँ को दे खुशियाँ॥4॥
माघ शुक्ल द्वादश शुभ आई, नगर अयोध्या बजी बधाई।
इन्द्रासन थर-थर कंपाए, तिहुं जग में आनंद हैं छाये॥5॥
शंख सिंह घंटा अरु भेरी, सुर घर में भये नाद घनेरी।
चतुर्निकाय सुरेश्वर आये, भक्ति वश अति मोद मनाये॥6॥
ऐरावत लाए शचिकंता, सहस्रनयन कर लख भगवंता।
पाण्डुक वन अभिषेक करायो, क्षीरोदधि को नीर बहायो॥7॥
भक्तिवश शचि प्रभु तन साजा, भव-भव का तब सब अघ भाजा।
सुरपति ताण्डव नृत्य है कीना, आनंदनाटक किया नवीना॥8॥
सुरगण बाल सखा बन आते, दिव्यामृत मय व्यंजन लाते।
नानाविध दिव वस्त्राभूषण, जिससे आलंकृति हो तव तन॥9॥

पगतल वानर चिह्न सुशोभित, कनक कान्तिमय तन मनमोहित।
अतिशय सुन्दर रूप तुम्हारा, कामदेव लज्जित हो हारा।।10।।
साढ़े तीन शतक धनु काया, सहस्र आठ लक्षण युत माया।
काश्यप गोत्र कियो शुचि भाई, इक्ष्वाकु कुल जन्मे राई।।11।।
बाल्यकाल की लीला न्यारी, अचरजकारी सुख भण्डारी।
मण्डलीक पद का सुख भोगा, तव शासन सम सुख ना होगा।।12।।
बहुतकाल यों सुख से बीता, इक गन्धर्व नगर है दीखा।
जातिस्मरण हुआ प्रभु जब ही, मन वैराग्य हुआ झट तब ही।।13।।
पंचम स्वर्ग के ब्रह्म ऋषीश्वर, संस्तुति करते धन्य जिनेश्वर।
छोड़े पद वैभव संसारी, तप संयम की डगर संवारी।।14।।
जनम तिथि वैराग्य सुलाई, दीक्षा पालकी इन्द्र सजाई।
सहेतुक वन अरु असन तरुवर, भये आप निर्ग्रंथ मुनिवर।।15।।
सहस्रनृपति संग दीक्षाधारी, मुक्ति पुरी की राह संवारी।
पुनर्वसु नक्षत्र सुहाना, तप कल्याणक भयो महाना।।16।।
पंचमुष्ठी कंचलौच सु कीना, धर-चरित्र दुर्द्धर तप लीना।
पंचमहाव्रत भूषण धारे, समिति पंच त्रय गुप्ति संवारे।।17।।
इन्द्रदत्त घर कियो अहारा, पञ्चाश्चर्य हुये सुर द्वारा।
ज्ञान चार युत परम पवित्रा, क्षमा, अहिंसा, संयम मित्रा।।18।।
वर्ष अठारह थे छदमस्था, वर्धमान चारित्र अवस्था।
शुक्ल ध्यान की ज्योति जलाई, क्षपक श्रेणि चढि मोह नशाई।।19।।
चार घातिया कर्म विनाशे, नंत चतुष्टय गुण परकाशे।
कार्तिक शुक्ल पंचमी आई, समवशरण धनपति रचाई।।20।।
पंच सहस धनु ऊपर राजे, कमलासन पर अधर विराजे।
पद्मासन शुभ नाशा दृष्टि, अभिनंदित है सारी सृष्टि।।21।।

चौबीस इन्द्र नमें वैमानिक, इन्द्र दशक चउ पूजे भवनिक।
व्यन्तरवासी बत्तीस इन्द्रा, तव पद पूजें सूरज चंदा।।22।।
गणधर हलधर अरु चक्रेशा, अष्टापद जो तिर्यञ्चेशा।
सौ इन्द्रों से पूज्य जिनेशा, पाप कर्म करते निश्शेषा।।23।।
इक शत त्रय गणधर अविकारी, झेली वाणी भवि अघहारी।
वज्रनाभि गणधर को नमन है, सब गणधर में ये ही प्रथम हैं।।24।।
मेरुषैणा प्रमुख आर्यिका, तैंतीस लक्ष में प्रमुख नायिका।
वज्र श्रृंखल अरु यक्षेश्वर, तव गुण गावें हे गुणधीश्वर।।25।।
भविकों को पुण्यों से भरता, प्रभु बिहार अघमल सब हरता।
ऊँकार मय खिर गई वाणी, प्राणी मात्र को जो कल्याणी।।26।।
शाश्वत गिरि सम्मेद प्रधाना योग निरोध करें चिद्ध्याना।
सुदि वैशाख सप्तमी आई, आनंद कूट से मुक्ति पाई।।27।।
वसुविध कर्म कलंक मिटाये, वसुगुण से निज आत्म सजाये।
वसु वसुधा पर आसन पाया, वसुनंदि आराध्य कहाया।।28।।
अग्निकुमार मन भक्ति आई, नख केशों की भस्म बनाई।
क्षीराम्बुधि में करी विसर्जित, पुण्य कोष शुभ किया सुअर्जित।।29।।
कैसे नंतगुणी गुण गाऊँ, सूरज को क्या दीप दिखाऊँ।
किंतु दीप भी तमस हरेगा, भक्त भवोदधि शीघ्र तरेगा।।30।।

दोहा

अभिनदंन जिनराज का चालीसा सुखकार।
हृदय धार जो नित पढ़े, पावे मुक्ति द्वार।।
विपद हरे संपति करे, पूरण हो सब काज।
भविजन भव सुख भोगकर, पावें सिद्धि ताज।।

।। इति ।।

निर्वाणकांड (भाषा)

कवि श्री भैया भगवतीदास जी

(दोहा)

वीतराग वंदौं सदा, भावसहित सिरनाय।
कहौं कांड-निर्वाण की, भाषा-सुगम बनाय॥1॥

(चौपाई छंद)

'अष्टापद' आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य 'चंपापुरि' नामि।
नेमिनाथ स्वामी 'गिरनार', वंदौ भाव-भगति उर-धार॥2॥
चरम-तीर्थंकर चरम-शरीर, 'पावापुरि' स्वामी-महावीर।
'शिखर-सम्मेद' जिनेश्वर बीस, भाव-सहित वंदौं निश-दीस॥3॥
वरदत्तराय रु इंद्र मुनिंद्र, सायरदत्त आदि गुणवृंद।
'नग सु तारवर' मुनि उठकोड़ि, वंदौं भाव-सहित कर-जोड़ि॥4॥
श्री 'गिरनार'-शिखर विख्यात, कोड़ि बहत्तर अरु सौ सात।
शम्भु-प्रद्युम्न कुमर द्वय भाय, अनिरुद्ध आदि नमूँ तसु पाय॥5॥
रामचंद्र के सुत द्वय वीर, लाड-नरिंद आदि गुणधीर।
पाँच कोड़ि मुनि मुक्ति-मँझार, 'पावागढ़' वंदौं निरधार॥6॥
पांडव-तीन द्रविड़-राजान, आठ कोड़ि मुनि मुकति पयान।
श्री 'शत्रुंजय-गिरि' के सीस, भाव-सहित वंदौं निश-दीस॥7॥
जे बलभद्र मुकति में गये, आठ कोड़ि मुनि औरहु भये।
श्री 'गजपंथ' शिखर सुविशाल, तिनके चरण नमूँ तिहुँकाल॥8॥
राम हनू सुग्रीव सुडील, गवय गवाख्य नील महानील।
कोड़ि निन्याणवे मुक्ति पयान, 'तुंगीगिरि' वंदौं धरि ध्यान॥9॥
नंग-अनंगकुमार सुजान, पाँच कोड़ि अरु अर्ध प्रमान।
मुक्ति गये 'सोनागिरि' शीश, ते वंदौं त्रिभुवनपति ईश॥10॥

रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये 'रेवा-तट' सार।
कोटि पंच अरु लाख पचास, ते वंदौं धरि परम-हुलास॥11॥
रेवानदी 'सिद्धवर-कूट', पश्चिम-दिशा देह जहँ छूट।
द्वय-चक्री दश-कामकुमार, उठकोड़ि वंदौं भव-पार॥12॥
'बड़वानी' बड़नयर सुचंग, दक्षिण-दिशि 'गिरि-चूल' उतंग।
इंद्रजीत अरु कुंभ जु कर्ण, ते वंदौं भवसायर-तर्ण॥13॥
सुवरणभद्र आदि मुनि चार, 'पावागिरिवर' शिखर-मँझार।
चेलना-नदी-तीर के पास, मुक्ति गये वंदौं नित तास॥14॥
फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पश्चिम-दिशा 'द्रोणगिरि' रूप।
गुरुदत्तादि-मुनीश्वर जहाँ, मुक्ति गये वंदौं नित तहाँ॥15॥
बाल महाबाल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय।
श्री 'अष्टापद' मुक्ति-मँझार, ते वंदौं नित सुरत-संभार॥16॥
अचलापुर की दिश ईसान, तहाँ 'मेंढ़गिरि' नाम प्रधान।
साढ़े तीन कोड़ि मुनिराय, तिनके चरण नमूँ चित-लाय॥17॥
वंसस्थल-वन के ढिंग होय, पच्छिम-दिशा 'कुंथुगिरि' सोय।
कुलभूषण देशभूषण नाम, तिनके चरणनि करूँ प्रणाम॥18॥
जसरथ-राजा के सुत कहे, देश कलिंग पाँच सौ लहे।
'कोटिशिला' मुनि कोटि-प्रमान, वंदन करूँ जोड़ जुग पान॥19॥
समवसरण श्री पार्श्व-जिनंद, 'रेसिंदीगिरि' नयनानंद।
वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वंदौं नित धरम-जिहाज॥20॥
'मथुरापुरी' पवित्र-उद्यान, जम्बूस्वामी जी निर्वाण।
चरम-केवली पंचमकाल, ते वंदौं नित दीनदयाल॥21॥
तीन लोक के तीरथ जहाँ, नित-प्रति वंदन कीजे तहाँ।
मन-वच-काय सहित सिरनाय, वंदन करहिं भविक गुणगाय॥22॥
संवत सतरह-सौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल।
'भैया' वंदन करहिं त्रिकाल, जय निर्वाणकांड गुणमाल॥23॥

इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

अर्घावली

वीतराग जिनगिरि से निसृत द्वादशांग जिनवर वाणी,
गणधर सूरी ज्ञान कुण्ड से झरती पीते भवि प्राणी।
मुनिराजों ने जिन्हें स्वयं ही शब्दों में लिपिबद्ध किया,
प्रथम चरण अरु करण द्रव्य को अर्घ चढ़ा हम नमन किया॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव द्वादशांग मय सरस्वती देव्यैः नमः अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उन आचार्यों के चरणों में, झुका रहे अपना माथा।
जिनकी अमृतवाणी सुनकर, हो जाता निज से नाता॥
षट्खण्डागम आदि सिद्धांतों, को जिनने लिपिबद्ध किया।
पुष्पदंत, धरसेन, भूतबली आचार्यों से ज्ञान लिया॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आचार्य भगवन् श्री-धरसेन-पुष्पदंत-भूतबलि परमेष्ठिभ्यो अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आध्यात्मरसिक सिद्धान्त मनीषी आगम के मर्मज्ञ महान,
परम तपस्वी अविचल ध्यानी निजानंद करते रसपान।
निज आतम कल्याणहेतु हम करते पूजन अरु गुणगान,
कुंद कुंद आचार्य श्री को नमन करूँ जो हैं भगवान॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आध्यात्मरसिक आचार्य भगवान् श्री कुंद कुंद स्वामिने अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परम तपस्वी शांति सिंधु मुनि पंचम युग में तीर्थ समान,
तीर्थंकर वत् कलिकाल में जिनशासन का कर यशगान।
चक्रवती चारित्र शिरोमणि भव्यों को सत्यार्थ प्रमाण,
तीन भक्ति युत अर्घ चढ़ाऊँ पाने को समकित वरदान॥

ॐ ह्रूँ परमात्मा चारित्र चक्रवर्ती आचार्य भगवत श्री शांतिसागरजी मुनीन्द्राय अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भव तन भोग भोग विरागी हे गुरु ज्ञान ध्यान तप लीन महान,
विषय वासना अरु कषाय से रिक्त चित्त जिनका अमलान।
पायसिन्धु को पाकर हम सब शिवमग पावें विषय नशाय,
ऐसे उत्तम मुनिपद पंकज अर्घ चढ़ाकर शीश नवाय॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य परम तपस्वी आचार्य भगवन् श्री पायसागर मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्ष विजेता मन के जेता सूरीवर जयकीर्ति प्रधान,
निर्विकल्प शुभ ध्यान पायकर पाया निज आतम का ज्ञान।
भाव सहित गुरु भक्ति पूजा करती पाप कर्म की हान,
जल फलादि वसु अर्घ चढ़ाकर पाएं हम भी उत्तम ज्ञान॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आध्यात्म योगी आचार्य भगवन् श्री जयकीर्ति मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिराजों में आप प्रमुख हैं सूरीवर जो कहलाते,
भारत गौरव जिनवृष सौरभ मार्ग धर्म का बतलाते॥
रत्नत्रय से आप विभूषित गुरू देश भूषण स्वामी,
भक्तियुत शुभ अर्घ चढ़ाकर बन जाऊँ मैं निष्कामी॥

ॐ ह्रीं परमपूज्य भारगतौरव आचार्य भगवन् श्री देशभूषण मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादिक वसु द्रव्य मिलाकर कंचन थाल भराये हैं,
निज आतम के वसु गुण पाने तव पद आज चढ़ाये।
राष्ट्रसंत विद्यानंद सूरि, प्राणीमात्र हितकारी हो,
सिद्ध-शास्त्र-आचार्य भक्ति युत नित प्रति धोक हमारी हो॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्रसंत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञान-ध्यान-तप लीन निरन्तर समता रस के भोगी हैं,
विषय वासना पाप रहित निर्ग्रन्थ मुनीश्वर योगी हैं।
वसुधा के वसु द्रव्य संजोकर वसु गुण पाने आये हैं,
वसुनंदी आचार्य प्रवर को अर्घ चढ़ा हर्षाये हैं।

ॐ ह्रूँ प.पू. अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।